तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 20 मई 2024

12 विहिप के दुर्गा वाहिनी शौर्य वर्ग प्रशिक्षण शिविर में शारीरिक ...



11 खेल प्रशिक्षण शिविर में सामाग्री नहीं मिलने से ...





## खबर संक्षेप



### विनय ने किया 17 वीं बार रक्तदान

**अर्जुंदा/अंडा।** मां भनेश्वरी महोत्सव विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य प्रशिक्षण साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह में चिचा निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता सहसचिव तहसील साहू संघ अर्जुन्दा विनय साहू ने 17 वीं बार रक्तदान करके रक्त दान महादान जीवन दान में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर सहयोगी साथी तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, दानेश्वर प्रसाद साहू, कमलकिशोर साहू, पंकज चौधरी, दाने"वर साहू युवा सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि मरीज को खून की कमी हो जाने पर पूर्ति करने के लिए शासकीय अस्पताल बालोद में रक्तदान महादान लगभग 48 यूनिट ब्लड डोनेट जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ बालोद द्वारा किया गया।

### शिवसेना के शंकर व विजय संगठन प्रभारी नियुक्त



**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना ने प्रदेश सचिव शंकर चौनानी एवं जिलाध्यक्ष विजय पारख का पार्टी संगठन में बढ़ा दायित्व दिया गया है। छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा प्रदेश कार्यालय रायपुर के प्रदेश स्तरीय बैठक में शिवसेना के लिए लोकसभा क्षेत्र बालोद जिला सहित केशकाल, अंटागढ़, भानुप्रतापपुर का संगठन प्रभारी नियुक्त गया है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पुलिस व्यवस्था शोध पटेल को पीएचडी

**भिलाई।** पुलिस महकमे में निरीक्षक पद पर पदस्थ नरेश पटेल ने दुर्ग के हेमचंद विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री हासिल कर ली है। नरेश पटेल को यह डिग्री छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में किए गए शोध कार्य के लिए दी गई है। उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से 17 मई को यह उपाधि जारी हुई है। गौरतलब हो कि निरीक्षक पटेल दुर्ग जिला समेत अन्य जिलों में निरीक्षक पद पर सेवा दे चुके है। वर्तमान में निरीक्षक नरेश पटेल जांजगीर चांपा में पदस्थ है। श्री पटेल ने वर्ष 2019 में दुर्ग की हेमचंद विश्वविद्यालय से पीएचडी करने की शुरुआत की थी। उन्होंने इतिहास विषय में छत्तीसगढ़ में पुलिस व्यवस्था के दो दशक विशेष संदर्भ दुर्ग जिला में अपना शोध कार्य किया। इतिहास विषय से जुड़ी प्रथम पीएचडी वाइवा में शोधार्थी नरेश पटेल ने पावर पॉइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अपना शोध कार्य पेश किया। नरेश पटेल ने अपना शोध कार्य शोध निदेशक सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ किशोर कुमार अग्रवाल, सह शोध निदेशक साइंस कॉलेज दुर्ग सहायक प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार पांडे के मार्गदर्शन में किया।

# महिला कमांडो की कार्यशैली से मिली प्रेरणा, नागपुर महाराष्ट्र में प्रथम दल का किया गया गठन

### ग्राम वलनी में महिला कमांडो दल को भविष्य में विस्तार देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बालोद जिले से गई टीम चौदह दिनों तक देगी प्रशिक्षण

जिले में संचालित महिला कमांडो की कार्यशैली से प्रेरित होकर नागपुर महाराष्ट्र के वलनी में महिला कमांडो दल का गठन किया गया।

यह महाराष्ट्र में पहला दल होगा, आने वाले समय मे इसे विस्तार देने की तैयारी है। महिला कमांडो गठन के दौरान अतिथियों ने कहा महिला कमांडो अर्जुन की तरह लक्ष्य निर्धारित कार्य सुलझे हुए तरीके से करती है। ये सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी देने का प्रयास करती है।

बालोद जिले के महिला कमांडो के कार्यों से प्रभावित होकर उन्नत भारत कार्यक्रम में पायलट प्रोजेक्ट के रूप मे वलनी नागपुर महाराष्ट्र मे तीस महिला कमांडो से शुभारंभ होने जा रहा है। इन कमांडो को प्रशिक्षण देने हेतु पद्मश्री शमशाद के नेतृत्व मे पांच महिला कमांडो टीम के साथ नागपुर वलनी पहुंची।



#### प्रशिक्षण टीम में ये शामिल

बालोद जिले से नवगठित दल की महिला कमांडो को प्रशिक्षण देने गई टीम में भीमेश्वरी शॉडिल्य, खेमीन साहू, झामिन देशमुख, सानियां, चंद्रिका साहू शामिल हैं। टीम चौदह दिनों तक वही रहकर नवगठित महिला कमांडो को प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगी।

**समस्या :** कच्ची सड़क पर लोग कर रहे आवागमन

# फागुनदाह-बागतराई के बीच 50 साल के बाद भी नहीं बनी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- स्वीकृत होने के बाद भी अब तक शुरू नहीं हो पाया काम

ब्लाक के फागुनदाह से बागतराई के बीच का सड़क आजादी के कई साल बाद भी नहीं बन पाई है। कच्ची सड़क होने के कारण आज भी राहगीरों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क के लिए विधायक संगीता सिन्हा ने बीते सत्र मे स्वीकृति कराई थी। लेकिन सरकार बदल जाने के बाद एक बार फिर रूकावट आती दिख रही है। ग्रामीणों द्वारा इस सड़क के निर्माण के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। लेकिन न ही विभाग इस ओर ध्यान देती है और न ही जनप्रतिनिधि जिसके कारण आज भी ग्रामीणों को कच्चे मार्ग से आवागमन करना पड़ रहा है। जहां एक ओर जिले मे कई योजनाओ के तहत पक्की सड़कों का जाल बिछाने का काम किया जा रहा है। कई जगहों में सड़कों को सीमेंटीकरण करने का काम भी किया जा रहा है। ऐसे में ब्लाक के ग्राम फागुनदाह और बागतराई के बीच का मार्ग आज भी बदहाल स्थिति में है। जिसे न तो मरम्मत किया जा रहा है न ही पक्का बनाने का काम किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को 25 किलोमीटर का सफर तय कर धमतरी जिला मुख्यालय होकर जाना पड़ता है। वही बागतराई के ग्रामीणों को तहसील एवं जिला मुख्यालय आने के लिए पहले धमतरी जाना पड़ता हैं, उसके बाद वे गुरूर पहुंचते हैं। वर्तमान मे गर्मी के मौसम मे सड़क मे चलने पर लोगो को उबड़ खाबड़ सड़क के साथ धूल का सामना करना पड़ रहा है, जिससे मालवाहक अगर गुजरता है तो उसके पीछे जा रहे छोटे वाहनों के चालकों की आंखों के सामने धूल का गुबार उड़ता है। ऐसे मे मार्ग उबड़ खाबड़ होने के कारण संतुलन बिगड़ने पर लोगों का सड़क पर ही वाहन के साथ गिरने के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। बरसात के दिनों में कच्ची सड़कों में बड़े बड़े गढ्ढे निर्मित हो जाते है। जिसमें पानी भरने के बाद यह गढ्ढे दिखाई नहीं देते। ऐसे में छोटे वाहन चालक के अचानक से ऐसे बड़े गढ्ढे मे चले जाने से गिरने का खतरा बढ़ जाता है। वही बारिश में कच्ची सड़क होने के कारण फिसलन और कीचड़ बढ़ जाती है। जिसके कारण राहगीर आए दिन छोटे- मोटे हादसे का शिकार होते ही रहते हैं।



#### छोटे- छोटे कार्यों व सामान लाने ले जाने में लगते हैं ज्यादा दाम

मार्ग कच्चा होने के कारण दोनों ग्राम के ग्रामीण खेती- किसानी के सामान लाने ले जाने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बाहर से अन्य सामान की गाड़ी को गांव मे ले जाने के लिए समस्याओ का सामना करना पड़ता है। कई बार गाड़ी रास्ते में ही फंस जाती है। ऐसे मे कई मालवाहक वाहन के चालक इस मार्ग मे आने से कतराते है और बहुत जरूरी होने पर आते भी है तो अधिक मूल्य वसूल करते है। सड़क कच्ची होने के साथ मार्ग में अंधेरा रहता है। ऐसे में रात में सायकल से सफर करने वालों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# धानापुरी में 5 किसानों के खेत से पंप का केबल पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- लगातार चोरी होने से किसान परेशान
- थाने में नहीं कराई गई रिपोर्ट

तहसील में किसानों के खेत मे लगे मोटर पंपों से केबल चोरी होने का मामला लगातार सामने आ रहा है। पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण केबल चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ग्राम धानापुरी में एक साथ पांच किसानों के खेत में केबल चोरी होने का है।

दो दिन पूर्व ही विकासखण्ड के सनौद थाना क्षेत्र में चार किसानों के खेतों से केबल चोरी होने की शिकायत सामने आई थी। मामले में आरोपी का पता नहीं चल सका है। अब ग्राम धानापुरी में अज्ञात चोरों द्वारा गांव के ही 5 किसानों के मोटर पंपों से केबल वायर चोरी होने का मामला सामने आया है। हालांकि किसानों द्वारा अब तक थाने मे रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है। किसानों का कहना है कि चोरी की शिकायत करने से कोई लाभ नहीं है, चोर पकड़ में आते नहीं है। पुलिस विभाग जांच के नाम पर प्रार्थियों को ही लगातार पूछताछ के लिए बुलाते रहते है इसलिए कोई शिकायत नही करते।

#### इनके खेतों से हुई चोरी


किसानों से मिली जानकारी अनुसार किसान मदन सिन्हा के मोटर पंप से 50 फीट, फेकूराम सिन्हा के मोटर पंप से 30 फीट, इसी तरह से हेमराज सिन्हा 60 फीट, ऐनूराम सिन्हा 40 फीट, सहदेव ठाकुर 40 फीट केबल वायर मोटर पंप से चोरी हो गई है। क्षेत्र मे इन दिनों अब चोर किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके चलते किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

#### तांबा निकालकर बेचते हैं चोर

किसानों का कहना है कि चोर केबल वायर में लगे तांबे के तार को निकालकर बेचते है। यदि पुलिस विभाग तांबे की खरीदी करने वाली कबाड़ीयो एवं दुकानदारो पर सख्ती से पूछताछ करे तो चोरों का सुराग मिल सकता है। वहीं चोरी का माल वे नहीं खरीदेंगे इससेअंकुश लग सकता है। क्षेत्र मे केबल चोरी की घटनाएं लंबे समय से हो रही है।

# 15 माह में भी पूरी नहीं बन पाई सड़क





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर


- परसुली से गंगोरीपार पहुंच मार्ग का मामला
- जितनी बनी, वह भी उखड़ने लगी

ग्राम परसुली से गंगोरीपार पहुच मार्ग अभी पूर्ण भी नहीं हुई है और उसका डामर उखड़ने लगा है। सड़क किनारे पटरी में मुरूम भी कम मात्रा में डाली गई है, जिससे सड़क ऊंची हो गई है और राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्राम परसुली से गंगोरीपार के मध्य 2.17 किलोमीटर लंबी सड़क कार्य 38.03 लाख की लागत से किया जा रहा है। यह कार्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग गुण्डरदेही द्वारा कराया जा रहा है।कार्य 10 फरवरी 2023 को प्रारंभ हुआ है, लेकिन उसके पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख सूचना बोर्ड मे नहीं की गई है। सामान्यतः सड़क निर्माण की पूर्ण होने की अवधि 6 माह की होती है। इस सड़क को बनते 15 माह बीत चुका है फिर भी सड़क के कई कार्य अधूरे नजर आ रहे हैं।

#### बोर्ड में नहीं दी पूरी जानकारी

विभाग द्वारा लगाया गया सूचना बोर्ड अधूरा है, जिसमें कई जानकारियां उपलब्ध नही है, जिससे ग्रामीणों को सड़क निर्माण के संबंध में पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है। देखकर लगता है कि सड़क अभी निर्माणाधीन स्थिति में ही है। सड़क किनारे कई जगहों पर मुरूम नहीं डाली गई है, जहां डाला गया है वहां मात्रा कम है एवं पानी नहीं डाला गया है। रोलर नहीं चलाया गया है जिससे सड़क किनारे की मुरूम से फिसलकर दोपहिया वाहन चालक गिर रहें हैं। जहां मुरूम डाली गई है वह सड़क से नीचे है, जिससे भी दोपहिया वाहन फिसलकर गिर रहे हैं।

### सड़क पर पट्टी बनाने, घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल



- झलमला से शेरपार तक नेशनल हाईवे 930 का निर्माण कार्य

**बालोद।** जिले में झलमला से शेरपार तक नेशनल हाइवे 930 का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसके तहत सड़कों पर सफेद पट्टी बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा घरेलू लाल सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी शिकायत संबंधित विभाग से की गईं है। नेशनल हाइवे मार्ग 930 स्थित कुसुमकसा मार्ग में पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है, जिसके बाद अब सफेद पट्टी बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत सामग्री को गरम कर सड़क पर लगाने का कार्य जारी है। वहीं इससे पहले सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा पुल के बनने के बाद अतरिक्त छड़ को काटने के लिए भी घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था। जिस पर कार्रवाई किया गया था। वहीं अब पुनः ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में घरेलू गैस की टंकी का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी शिकायत संबंधित विभाग को की गईं है। खाद्य विभाग अधिकारी टीआर ठाकुर ने मामले मे जाँच कर कार्रवाई की बात कहीं है।

# सेहत के लिए प्राणायाम कारगर

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू समाज गुण्डरदेही द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग में योगाचार्य केशव राम साहू ने व्यावहारिक ज्ञान, नैतिक शिक्षा एवं शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आसन, प्राणायाम आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कुछ आवश्यक टिप्स देते हुए कहा सुबह बिना मुंह धोए पानी पीना, भोजन के एक घंटे बाद पर्याप्त पानी पीना, सुबह ब्रह्म मुहूर्त में जागरण, मोबाइल आदि से दूर रहना जैसी बातें सिखाई जा रहीं हैं। ज्ञात हो कि साहू समाज ▶▶| शेष पेज 11 पर



आवश्यकता है

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।

पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000

पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468, 9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# श्री संभवनाथ जैन मंदिर में ध्वजा का आरोहण



- बैशाख शुदी 10 को हुआ कार्यक्रम

**बालोद।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर में ध्वजा का आरोहण किया गया। ध्वजा का आरोहण भिखमचंद महावीर, प्रदीप, सुनील चौरड़िया परिवार द्वारा किया गया। मंदिर में प्रतिवर्ष बैशाख शुदी 10 को ध्वजा आरोहण का कार्यक्रम होता है। चौरड़िया परिवार के निवास से ध्वजा एवं पूजन सामग्री को मंगलगीत गाते एवं बंधाते हुए मंदिर लाया गया। मंदिर में पूजन पश्चात ध्वजा आरोहण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढेलडिया, सचिव रूपचंद गोलछा, भीखम चंद गोलछा, भीखम चौरड़िया, प्रमोद गोलछा, विनोद गोलछा, संतोष नवलखा, विकास भंसाली, प्रकाश भंसाली, आकाश गोलछा, ऋषभ चौरड़िया उपस्थित थे।

